श्रद्धांजलि — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दिवंगत निशानेबाज जसपाल राणा की तेरहवीं के मौके पर यहां उन्हें श्रद्धांजलि दी । देहरादून में राणा के निवास पर उनकी तस्वीर के समक्ष रक्षामंत्री ने श्रृद्धासुमन अर्पित किये । उन्होंने राणा के परिजनों को ढांढस भी बंधाया । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के अलावा उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, खजान दास और सांसद महेश शर्मा, अजय भट्ट और सुधांशु त्रिवेदी भी इस मौके पर मौजूद थे । 49 वर्ष के राणा का 11 जून को हृदय से जुड़ी दिक्कतों के कारण निधन हो गया था । उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में 13 जून को किया गया था ।

# बिहार में शिक्षकों के तबादले के लिए नई नियमावली बनेगी, मंत्रिमंडल ने 46 प्रस्ताव मंजूर किये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार सरकार ने प्रारंभिक विद्यालयों से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक के शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के स्थानांतरण को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और मानवीय बनाने के लिए 'बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026' बनाने का निर्णय लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमावली अधिसूचित होने के बाद शिक्षकों का स्थानांतरण पोर्टल आधारित प्रणाली के माध्यम से निर्धारित नियमों के तहत किया जाएगा।

अधिकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह



निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 46 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने संवाददाताओं को बताया कि नई व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, दिव्यांगता, पति-पत्नी के अलग-अलग पदस्थापन, पारिवारिक परिस्थितियों तथा अन्य मानवीय आधारों को स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षिकाओं को गृह पंचायत से बाहर, लेकिन अपने प्रखंड के भीतर निकटवर्ती पंचायत में पदस्थापन का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को गृह प्रखंड से अलग, जिले के भीतर निकटवर्ती प्रखंड में स्थानांतरण की सुविधा दी जा सकेगी। चौधरी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य शिक्षकों की वास्तविक कठिनाइयों और व्यक्तिगत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील बनाना है तथा जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां आवश्यकता के अनुसार पदस्थापन कर शिक्षक-छात्र अनुपात में सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के संतुलित वितरण से विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां अधिक प्रभावी होंगी और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में भी सहायक होगी।

## पुलिस वाहन में नकदी गिनने का वीडियो वायरल, दो महिला समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**मधुबनी/भाषा।** बिहार के मधुबनी जिले में ड्यूटी के दौरान पुलिस वाहन के भीतर नकदी गिनने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद दो महिला पुलिसकर्मियों समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) सोनल कुमारी पुलिस वाहन के भीतर नकदी गिनती हुई दिखाई दे रही हैं। पुलिस के बयान के अनुसार, यह वीडियो 24 जून को सामने आया, जिसके बाद झंझारपुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में इसकी जांच कराई गई। बयान के अनुसार जांच में पता चला कि वीडियो लगभग दो महीने पुराना है। तथा उसमें दिख रही महिला एएसआई सोनल कुमारी अरड़िया संग्राम थाने में तैनात हैं और फिलहाल अवकाश पर हैं।



## अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई, 5 लोग लापता

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के केयी पन्योर जिले में बुधवार को मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ की चपेट में आने से कम से कम पांच लोग लापता हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 18 मकानों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे बड़ी संख्या में यात्री रास्ते में ही फंस गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन सचिव दानी सुलु ने बताया कि याजाली सर्कल के अंतर्गत पूसा के पास नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) परियोजना कॉलोनी से लापता हुए लोगों की पहचान एलेश मराक (13), बालारी मराक (30), ताओ अंजीना (46), निर्मला गुप्ता (35) और सौरव कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश और बचाव अभियान जारी है। मूसलाधार बारिश के कारण निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार ढह गई, जिससे कॉलोनी और आसपास के निचले आवासीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पानी भर गया।

# महिला आरक्षण बहाना है, आरक्षण असली निशाना है : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार महिला आरक्षण लागू करने के नाम पर दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन इसके पीछे का असली मकसद अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षण को समाप्त करना है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'पीटीआई-वीडियो' को दिए साक्षात्कार में यह भी कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो वह मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में से एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर सकती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सीटों की संख्या बढ़ाने या परिसीमन की प्रक्रिया को महिला आरक्षण से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, तत्काल लक्ष्य परिसीमन हो सकता है, लेकिन असली निशाना आरक्षण है। 2024 के चुनाव के बाद जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उनसे इस आशंका को और बल मिलता है। आरक्षण से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के शुरुआती वर्षों में पंडित जवाहरलाल नेहरू और बी.आर. आंबेडकर आरक्षण की व्यवस्था को संरक्षित करने के लिए संविधान संशोधन लेकर आए थे, लेकिन जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध किया था। रमेश ने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस साल अप्रैल में लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ वोट करके विपक्ष ने महिला आरक्षण का विरोध किया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्ष ने केवल परिसीमन संबंधी प्रावधानों का विरोध किया था। उन्होंने कहा, महिला आरक्षण के खिलाफ किसी ने वोट नहीं किया। जिस तरीके से परिसीमन का प्रस्ताव रखा गया था, उसके विरोध में विपक्षी दल एकजुट हुए थे। उन्होंने इस बात को दोहराया कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि मौजूदा 543 सीटों में से एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएं और इसे अगले लोकसभा चुनाव से लागू किया जाए।

## एसआईआर प्रक्रिया सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए : झारखंड के सीईओ

**साहिबगंज/भाषा।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और राज्य में रहने वाले विदेशी नागरिक-चाहे वे कानूनी रूप से रह रहे हों या अवैध रूप से-मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के पात्र नहीं हैं।

कुमार साहिबगंज जिले के बरहरवा और आदिवासी-बहुल सुदूर पहाड़ी ब्लॉक में थे, जहां उन्होंने मतदाता पंजीकरण अधिकारी के स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए-2) के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

सीईओ कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, कुमार ने कहा, झारखंड में रहने वाले विदेशी नागरिकों (चाहे वे कानूनी रूप से रह रहे हों या गैर-कानूनी तौर पर) से उम्मीद की जाती है कि वे गणना प्रपत्र को बिना हस्ताक्षर किए ही बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को लौटा दें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिकों के मताधिकार की रक्षा करने और सही मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए यह समीक्षा प्रक्रिया स्पष्टता के साथ और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए पूरी की जानी चाहिए। कुमार ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया को पारदर्शी और समावेशी बनाने में बीएलए-2 की भूमिका अहम है।

# मिजोरम के मुख्यमंत्री ने जेडपीएम-राजग गठबंधन का दावा खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के मुख्यमंत्री और जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने बुधवार को केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ किसी भी औपचारिक गठबंधन की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उस गठबंधन में शामिल होना पार्टी के एजेंडे में न तो कभी था और न ही अब है। उनका यह बयान ऐसे दावों के बीच आया है कि सत्ताधारी जेडपीएम औपचारिक रूप से राजग गठबंधन में शामिल हो गई है।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन में लालदुहोमा ने कहा कि पार्टी केंद्र के साथ अच्छे संबंध को महत्व देती है, लेकिन राजग के साथ औपचारिक गठबंधन की तत्काल कोई आवश्यकता नहीं देखती। उन्होंने जोर देकर कहा कि जेडपीएम, राष्ट्रीय नजरिए वाली एक क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति के तौर पर अपनी पहचान बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

लालदुहोमा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई राष्ट्रीय नेताओं ने पार्टी को गठबंधन में शामिल होने के लिए बार-बार न्योता दिया है, लेकिन जेडपीएम ने औपचारिक रूप से जुड़ने के बजाय सहयोगपूर्ण संबंध बनाए रखने को प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार बनने के बाद जब हम पहली बार मिले तब से लेकर अब तक प्रधानमंत्री और गृहमंत्री लगातार हमें अपने साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करते रहे हैं। हालांकि, हम आम तौर पर अच्छे संबंध बनाए रखते हुए यह कहकर अलग रहते हैं कि 'आइए कार्य करने के अच्छे संबंध बनाए रखें; हम व्यावहारिक रूप से आपके साथ ही हैं।' तो क्या वास्तव में अभी हमारे लिए आधिकारिक रूप से जुड़ना जरूरी है?

## प. सिक्किम में लगातार बारिश से मुख्य सड़क पर भूस्खलन, वाहनों की आवाजाही रुकी

**गंगटोक/भाषा।** भारी बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन हुआ, जिससे बुधवार को ग्यालशिंग-लेगशिप सड़क बंद हो गई और बुरी तरह प्रभावित पश्चिम सिक्किम जिला मुख्यालय का राज्य के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया।

ग्यालशिंग में सिर्फ 24 घंटे में 95.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश की वजह से भारी मात्रा में कीचड़ और बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर आ गिरे, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जिला मजिस्ट्रेट तेनजिंग डेनजोंग्पा ने बताया कि उन्हें भूस्खलन की सूचना मंगलवार रात नौ बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि सबसे गंभीर भूस्खलन ग्यालशिंग कस्बे से लगभग दो किलोमीटर दूर ओमचुंग के पास हुआ। ग्यालशिंगलेगशिप सड़क अवरुद्ध होने के बाद मलबा हटाने के लिए रातभर उत्खनन मशीनें लगाई गईं, जबकि टीम कठिन परिस्थितियों में मार्ग बहाल करने में जुटी रहीं।

## ओडिशा में भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में दो इंजीनियर गिरफ्तार

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सतर्कता एजेंसी ने बुधवार को भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में दो सरकारी इंजीनियरों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक इंजीनियर पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने जबकि दूसरे पर एक ठेकेदार से रिश्वत स्वीकार करने का आरोप है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कमांड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीएडीए), संबलपुर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता पद्मलोचन नायक को गिरफ्तार करके विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, संबलपुर की अदालत में पेश किया गया। बयान में कहा गया है कि उन पर अपनी ज्ञात आय के स्रोतों से 119 प्रतिशत तक अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। ऐसे ही एक मामले में सतर्कता अधिकारियों ने प्रसन्न कुमार पटनायक, ग्रामीण कार्य विभाग-1, रायगड़ा के कार्यकारी अभियंता को एक ठेकेदार से दो लाख रुपये रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

## मुजफ्फरपुर में विकसित हुई कैंसर मरीज के देखभाल करने वाली मोबाइल आधारित सहायता प्रणाली

**मुजफ्फरपुर/भाषा।** बिहार के मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएच एंड आरसी) ने कैंसर सर्जरी के बाद मरीजों की देखभाल करने वाले परिजनों की सहायता के लिए 'कैंसर केयरगिवर सपोर्ट सिस्टम' (सीसीएसएस) विकसित किया है।

यह कम लागत वाली मोबाइल आधारित सहायता प्रणाली देखभालकर्ताओं को ऑपरेशन के बाद की देखभाल, पोषण, स्वच्छता, पुनर्वास तथा लक्षणों के प्रबंधन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई है।

एचबीसीएच एंड आरसी के निदेशक कुमार प्रभाष ने कहा, सीसीएसएस जैसी पहलें देखभालकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती हैं और उन्हें आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करती हैं। इससे उपचार के प्रति मरीजों की प्रतिबद्धता, जीवन की गुणवत्ता तथा कैंसर उपचार के समग्र परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर उपचार की व्यवस्था अब अधिक मरीज-केंद्रित और परिवार को साथ लेकर चलने वाले दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही है।

शोध दल की सदस्य तथा 'हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी' विभाग की मेघना कुमार ने कहा, कैंसर सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी जारी रहती है, जहां देखभालकर्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। हमारा उद्देश्य उन्हें सरल और विश्वसनीय जानकारी देकर सशक्त बनाना है, ताकि वे मरीजों की रिकवरी के दौरान आत्मविश्वास के साथ सहयोग कर सकें।



# झारखंड सरकार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भर रही है: सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भर रही है, सार्वजनिक सेवाओं को मजबूत कर रही है और युवाओं को अवसर प्रदान कर रही है।

सोरेन ने यहां एक कार्यक्रम में 262 खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए नवनियुक्त अधिकारियों को पूर्ण ईमानदारी, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ''आज झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई शुरुआत हुई है। चिकित्सकों, अस्पताल प्रबंधकों और वित्त प्रबंधकों की नियुक्ति अस्पताल प्रबंधन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

नवनियुक्त लोगों में 151 विशेषज्ञ चिकित्सक, 56 खाद्य सुरक्षा अधिकारी, 29 वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक और 26 वित्त प्रबंधक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां चिकित्सक चिकित्सा उपचार प्रदान करते हैं, वहीं अस्पताल के कुशल संचालन और वित्तीय प्रबंधन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि चिकित्सक अपना अधिकतम समय मरीजों की देखभाल में लगाएं, जबकि प्रशासनिक और प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियां प्रशिक्षित टीमों द्वारा संभाली जाएं।

सोरेन ने कहा, ''मैं सभी नवनियुक्त अधिकारियों, चिकित्सकों और प्रबंधकों से आग्रह करता हूं कि वे याद रखें कि उन्हें जो वेतन मिलता है, वह आम नागरिकों के पैसे से आता है। हम सभी जनता के ऋणी हैं। सरकार अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और भत्तों पर खर्च करती है।''

अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अजय कुमार सिंह ने कहा कि 2024-25 और 2025-26 के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में कुल 1,373 नियुक्तियां की गईं।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी ने समुद्री सुरक्षा के लिए एआई, उन्नत प्रौद्योगिकी पर जोर दिया



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को देश की तटरेखा की सुरक्षा के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा न सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, बल्कि आर्थिक विकास और समुद्र पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका के लिए भी बहुत जरूरी है।

भुवनेश्वर में बहु-एजेंसी समुद्री सुरक्षा समूह की 14वीं बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए माझी ने कहा, ''समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में एआई, मानव हस्तक्षेप रहित प्रणाली और आधुनिक निगरानी नेटवर्क का इस्तेमाल समय की जरूरत है।'' यह पहली बार है जब यह बैठक नई दिल्ली से बाहर हो रही है। उन्होंने कहा कि मछली पकड़ने वाली नौका में 'नभमित्र' ट्रांसपोंडर लगाना और 'तटीय जीवंत ग्राम कार्यक्रम' जैसी पहल समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री ने समुद्री सीमा सुरक्षा में लगी भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, ओडिशा पुलिस और अन्य एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। माझी ने 21वीं सदी को व्यापक रूप से 'हिंद-प्रशांत सदी' बताते हुए कहा कि भारत एक बड़ी समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। यह उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय बैठक पहली बार ओडिशा में हो रही है।

# विश्व कप, एशियाई खेलों के लिये एक ही टीम उतार सकता है भारत : हॉकी कोच मारिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने बुधवार को संकेत दिया कि आगामी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच महज 20 दिन का अंतर होने के बावजूद समान टीम उतारी जा सकती है ।

महिला और पुरूष हॉकी विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जायेगा जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में होंगे । ऐसी अटकलें हैं कि पुरूष वर्ग में भारत दो अलग अलग टीमें उतार सकता है लेकिन मारिन ने कहा कि वह विश्व कप के जरिये एशियाई खेलों की तैयारी करेंगे । उन्होंने पीटीआई से कहा ,'' हमने इस पर बात की है । हमें 2018 का भी अनुभव है जब यही स्थिति थी । एक टूर्नामेंट से दूसरे टूर्नामेंट की तैयारी में मदद मिल सकती है । एशियाई खेल सबसे अहम है क्योंकि यह ओलंपिक क्वालीफायर है ।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन 2018 विश्व कप से हमारा आत्मविश्वास बढा था और हम उसी सोच के साथ खेलेंगे । विश्व कप को एशियाई खेलों की तैयारी के लिये इस्तेमाल करना है । विश्व कप में हमारे पास 20 खिलाड़ी होंगे जबकि एशियाई खेलों में 18 सदस्यीय टीम रहेगी ।'' मारिन ने कहा कि भारतीय महिला टीम के साथ अस्थायी तौर पर काम कर रहे नीदरलैंड के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ ताइके ताकेमा विश्व कप और एशियाई खेलों में भी रहेंगे । उन्होंने कहा ,'' वह दोनों टूर्नामेंटों में रहेंगे । उन्हें चीन की टीम के साथ काम करने का अनुभव है । वह पेनल्टी कॉर्नर अटैक, डिफेंस पर काम कर रहे हैं और डिफेंडरों का भी मार्गदर्शन कर रहे हैं ।''

## मैं खुद को हरफनमौला मानती हूं: शेफाली



**मैनचेस्टर/भाषा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शफाली वर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि गेंदबाजी में उनकी बढ़ती भूमिका के पीछे कड़ी तैयारी और मानसिक अभ्यास है। उन्होंने बताया कि इसी मेहनत के कारण वह अब एक ऐसी हरफनमौला खिलाड़ी बन रही हैं, जो टीम के लिए अलग-अलग भूमिकाओं में योगदान दे सकती हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जानी जाने वाली शफाली वर्मा ने पिछले कुछ समय से ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भी टीम को अहम योगदान दिया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ओवर में गेंदबाजी भी की थी।

शफाली ने बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ऐसा नहीं है कि मैंने पहले कभी गेंदबाजी नहीं की है। जब मैं हरियाणा के लिए घरेलू क्रिकेट खेलती थी और कप्तान भी रहती थी, तब मैं हमेशा यह सोचने के लिए समय निकालती थी कि अगर मुझे भारत के लिए गेंदबाजी करने का मौका मिले तो मैं उसे कैसे अंजाम दूंगी। उन्होंने कहा कि वह अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से नहीं हिचकतीं और जब भी टीम को जरूरत होती है, वह आगे बढ़कर भूमिका निभाने के लिए तैयार रहती हैं। शफाली ने खुद को हरफनमौला करार देते हुए कहा, मैंने उन परिस्थितियों की कल्पना की है। अगर मैं किसी खास मैच स्थिति में गेंदबाजी कर रही हूं तो मुझे क्या सोचना चाहिए, यह सब मैंने पहले से तैयार किया है और मेहनत की है। इसी वजह से मैं अच्छा प्रदर्शन कर पा रही हूं।

# हरमनप्रीत को अपना नैसर्गिक खेल खेलना होगा: शिखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय तेज गेंदबाज शिखा पांडे का मानना है कि महिला टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को विकेटों के पतन की चिंता छोड़कर स्वाभाविक आक्रामक खेल पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद हरमनप्रीत बिल्कुल अलग स्तर की बल्लेबाज नजर आती हैं।

भारतीय टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह मुश्किल हो गयी है। टीम को लीग चरण में बृहस्तपिवार को बांग्लादेश और रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है।

शिखा ने 'जियोस्टार' के 'गेम प्लान' कार्यक्रम में सुझाव दिया कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से हरमनप्रीत अपनी लय वापस पा सकती हैं। उनके अनुसार कप्तान को चौथे नंबर पर आना चाहिये जबकि जेमिमा रोड्रिग्स को पांचवें स्थान पर उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा, भारतीय मध्यक्रम में हरमनप्रीत कौर की स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। शुरुआती विकेट जल्दी गिरता है तो यास्तिका भाटिया बल्लेबाजी के लिए आती हैं और जेमिमा चौथे



नंबर पर खेलती हैं। संभव है कि हरमनप्रीत चौथे नंबर पर आएं और जेमिमा पांचवें स्थान पर चली जाएं।'' शिखा ने कहा कि हरमनप्रीत को विकेट गिरने की चिंता छोड़कर अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, जब हरमनप्रीत कौर लय में होती हैं तो वह पूरी तरह अलग बल्लेबाज नजर आती हैं। क्रीज पर समय बिताने के बाद वह सहजता से ड्राइव और डीप मिडविकेट के ऊपर से बड़े शॉट लगाती है। वह स्पिनरों के खिलाफ भी बेहद प्रभावी हैं। अगर वह जम जाएं तो भारत को बड़ा फायदा होगा।''

भारत की पूर्व बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने जेमिमा रोड्रिग्स को तीसरे नंबर पर ही बल्लेबाजी कराने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि किसी बल्लेबाज को स्पष्ट भूमिका देना बेहद जरूरी होता है। वेदा ने कहा, यह आत्मविश्वास की बात है। जब लगातार कुछ कम स्कोर बनते हैं तो बल्लेबाज जरूरत से ज्यादा सोचने लगता है और उसका खेल सीमित हो जाता है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए कहा कि नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से साझेदारियां नहीं बन सकीं। टी20 क्रिकेट में गति बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण होता है। वेदा ने कहा, मैं अब भी जेमिमा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहूंगी। उन्हें एक निश्चित भूमिका दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे तैयारी करना आसान हो जाता है। जब किसी खिलाड़ी से लचीला रहने को कहा जाता है, तो उसे यह समझ नहीं आता कि पहली गेंद से तैयार रहना है या तीसरे ओवर से। इससे बल्लेबाज के लिए मुश्किलें बढ़ जाती हैं।






# महेश नवमी पर शोभायात्रा में बिखेरा आस्था, संस्कृति और एकता का अनुपम रंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** माहेश्वरी समाज के गौरवशाली उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित शोभायात्रा तथा धार्मिक समारोह श्रद्धा, भक्ति, उत्साह एवं सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बन गया। सुबह साहूकारपेट स्थित बालाजी मंदिर (बैरागी मठ) से प्रारंभ हुई शोभायात्रा का दृश्य अत्यंत मनोहारी एवं आकर्षक था। भगवान शिव परिवार की भव्य एवं सुसज्जित झांकी, पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजबंधु, हाथों में ध्वज लिए युवा, भक्ति गीतों की मधुर स्वर लहरियाँ तथा हर-हर महादेव एवं जय महेश के गगनभेदी जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा जिस मार्ग से गुजरी, वहाँ श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया तथा अनेक स्थानों पर समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था एवं श्रद्धा व्यक्त की।

लाल रंग की पारंपरिक साड़ियों में सुसज्जित महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रही। बच्चों एवं युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए समाजबंधु पूरे मार्ग में भक्ति एवं उल्लास के साथ आगे बढ़ते रहे। अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से निकली यह शोभायात्रा माहेश्वरी समाज की एकता, संगठन शक्ति एवं सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रतीक बन गई। शोभायात्रा के श्री माहेश्वरी भवन पहुँचने पर धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। पंडित कमल व्यास के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रुद्राभिषेक एवं शिव आराधना सम्पन्न हुई। मंत्रों की दिव्य ध्वनि एवं आध्यात्मिक वातावरण ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भगवान शिव के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति का अद्भुत वातावरण पूरे परिसर में अनुभव किया गया। इस अवसर पर आयोजित भक्ति संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नृत्य-नाटिका की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का हृदय जीत लिया। कलाकारों ने भगवान शिव की महिमा एवं भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित समाजबंधुओं ने मुक्त कंठ से सराहना की।

सभा अध्यक्ष गौरी शंकर राठी, कार्यक्रम के चेयरमैन रवीन्द्र डागा एवं अशोक गोईदानी ने कहा कि शोभायात्रा में समाजबंधुओं की भारी उपस्थिति ने माहेश्वरी समाज की एकता, संगठन शक्ति एवं धार्मिक आस्था का परिचय दिया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया तथा आयोजन को अभूतपूर्व सफलता प्रदान की। शिवोहम महोत्सव के चेयरमैन डॉ. अशोक जे. मूँधड़ा ने कहा कि भगवान शिव की आराधना, सेवा एवं संस्कारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित शिवोहम महोत्सव को समाज का भरपूर सहयोग एवं स्नेह प्राप्त हुआ है।

सभा के सचिव श्री संजय मूंदड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, शिवोहम आयोजन समिति, महिला मंडल, युवा संगठन एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।




# परमात्मा का नामकरण केवल संस्कार नहीं, दिव्य गुणों और लोकमंगल का प्रतीक है : आचार्य कुलबोधिसूरीश्वर

## पद्मनाभस्वामी प्रतिष्ठा महोत्सव के विविध आयोजन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** स्थानीय प्रिंस रत्नपुरी जैन संघ के तत्वावधान तथा आचार्य देवेश भुवनभानुसूरीश्वरजी के समुदाय के आचार्यद्वय आचार्यश्री कुलबोधिसूरिश्वरजी एवं हीरचंद्रसूरीश्वरजी की निश्रा में आयोजित पद्मनाभस्वामी जिनालय प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक उमंग से ओतप्रोत विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। आगामी चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर श्री पद्मनाभस्वामी प्रभु की गुरुवार प्रातः होने वाली अंजनशलाका प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रातःकाल परमात्मा का भव्य दीक्षा वरघोड़ा निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात प्रियवंदा दासी द्वारा जन्म-बधाई, बुआ-भुरोसा का आगमन एवं नामकरण संस्कार, पाठशाला गमन, प्रभु का विवाह, राज्याभिषेक, राजतिलक, लोकांतिक देवों द्वारा दीक्षा की विनती तथा प्रभु की दीक्षा जैसे प्रसंगों का नाट्य मंचन अत्यंत मार्मिक, भावपूर्ण और आकर्षक शैली में प्रस्तुत किए गए। मध्याह्न में गांव सांझी, रात्रि में अधिवासना एवं अंजनशलाका विधान भी श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुए

इस पावन अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए आचार्यश्री कुलबोधिसूरीश्वरजी ने कहा कि परमात्मा का नामकरण केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि उनके दिव्य गुणों, लोकमंगलकारी व्यक्तित्व और भव्योद्धारक जीवन का प्रतीक है। उन्होंने प्रेरणा देते हुए कहा कि बच्चों के नाम केवल आधुनिकता के आकर्षण में नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण और जीवनभर सार्थक रहने वाले होने चाहिए। नाम ऐसा हो, जो जीवन के हर पड़ाव पर व्यक्ति के व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान करे।

आचार्यश्री ने प्रियवंदा दासी की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि तीर्थंकर जन्म के शुभ अवसर पर उनके द्वारा संपन्न की गई सेवाएं केवल राजकीय परंपरा नहीं, बल्कि परमात्मा के प्रति समर्पण, श्रद्धा और भक्ति की अद्वितीय अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु-नाम का स्मरण केवल उच्चारण नहीं, बल्कि उनके गुणों को जीवन में उतारने का संकल्प है।

आचार्यश्री ने जीवदया के लिए धनराशि समर्पित करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जब हम अबोध और मूक पशुओं की रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हैं, तभी प्रभु की प्रतिष्ठा का वास्तविक फल प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार इस अवसर्पिणी काल में आदिनाथ भगवान प्रथम राजा हुए, उसी प्रकार आगामी चौबीसी में श्री पद्मनाभस्वामी प्रथम राजा होंगे। नवलोकांतिक देवों की प्रभु से की गई विनती जीवकल्याण और धर्मप्रभावना की मंगलकामना का प्रतीक है। आचार्यश्री ने जानकारी दी कि रात्रि में अधिवासना एवं अंजन के उपरांत प्रतिमा साक्षात प्रभु-स्वरूप बनेगी तथा गुरुवार प्रातः 8.30 बजे श्री पद्मनाभस्वामी प्रभु की प्रतिष्ठा संपन्न होगी इसी अवसर पर धर्मसभा का आयोजन तथा नूतन दीक्षित मुनिश्री संबोधिपुण्यविजयजी की बड़ी दीक्षा भी संपन्न होगी। प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में प्रिंस रत्नपुरी युवा मंडल, प्रिंस रत्नपुरी महिला मंडल, कलापूर्ण जैन आराधक मंडल, समर्पण युवा ग्रुप, तहत्ति ग्रुप सहित अनेक सेवा मंडलों का सराहनीय सहयोग था।



# तीन दिवसीय जीतो स्पोर्ट्स नेशनल गेम्स में दिखा उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां जीतो स्पोर्ट्स नेशनल गेम्स 2026 की सफलता जीतो चेन्नई चैप्टर के चेयरमैन राजेश चंदन, वाइस चेयरमैन राजेश जैन, चीफ सेक्रेटरी आकाश कुमार जैन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुई। इसके साथ ही, समर्पित आयोजन टीम में संयोजक अजय नाहर, खेल सचिव राजेश शाह और चैप्टर सचिव सपन शाह भी शामिल थे। इस औपचारिक समारोह में कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें जीतो एपेक्स के उपाध्यक्ष कमलेश सोजतिया और नरेन्द्र श्रीश्रीमाल, सचिव श्रीपाल बच्छावत, सहकोषाध्यक्ष डीके जैन, जीतो स्पोर्ट्स एपेक्स के चेयरमैन विक्की ओसवाल, वाइस चेयरमैन आदित्य लोढा, और राष्ट्रीय संयोजक अमोल कुचलिया के साथ चेन्नई बोर्ड के सदस्य, प्रायोजक और समुदाय के नेता शामिल थे। आयोजन समिति ने सभी प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्य समिति के प्रमुख और योगदानकर्ता जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई, उनमें अक्षय ओस्तवाल, आशीष, अभिनंदन, अक्षय समदरिया, अर्पित, वृंदा, चिराग, दर्शिता, दीपक, हिमांशु, कैलाश, निशांत, रान शाह, साहिल और उत्सव शामिल थे। इन्हें 130 से ज़्यादा सदस्यों वाली आयोजन समिति का सहयोग मिला। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन (जीतो) एपेक्स की प्रमुख पहलों में से एक, जीतो स्पोर्ट्स नेशनल गेम्स 2026, 20-22 जून तक चेन्नई में आयोजित एक रोमांचक और प्रेरणादायक तीन-दिवसीय (दो रात) खेल आयोजन के बाद शानदार ढंग से संपन्न हुआ। हर दो साल में आयोजित होने वाले ये नेशनल गेम्स, जैन समुदाय के भीतर खेल प्रतिभाओं की पहचान करने, उन्हें निखारने और बढ़ावा देने के लिए एक अनोखा मंच प्रदान करते हैं, जिसका उद्देश्य भविष्य के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन तैयार करना है। जीतो चेन्नई चैप्टर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे भारत के 45 चैप्टर से 500 से अधिक एथलीट शामिल हुए, जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी भाईचारे और खेल भावना का माहौल बना। प्रतिभागियों ने अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-19 श्रेणियों में बैडमिंटन, लॉन टेनिस, तैराकी, एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर), टेबल टेनिस, शतरंज, लंबी कूद और शॉट पुट सहित आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। कुल 61 स्वर्ण पदक स्पर्धाओं और 183 पोडियम स्थानों के लिए मुकाबले हुए, जिनमें देश भर के युवा एथलीटों ने असाधारण प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। इन खेलों ने गखढज की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जिसके तहत वह जैन युवाओं को ऐसे मंच प्रदान करता है जो खेलों में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करते हैं और एक स्वस्थ, अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देते हैं। खेलों के समापन पर, जीतो चेन्नई चैप्टर घरेलू मैदान पर ओवरऑल चैंपियन बनकर उभरा, जबकि जीतो पुणे चैप्टर ने उपविजेता स्थान हासिल किया।



# अमृता इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में दीक्षांत समारोह का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अमृता इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने अलगप्पा विश्वविद्यालय के सहयोग से एक भव्य समारोह में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में अलागप्पा विश्वविद्यालय के कुलपति, मानद कर्नल प्रोफेसर जी. रवि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था में आजीवन सीखने, नवाचार, नैतिक नेतृत्व और निरंतर कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर चेन्नईस अमृता और अलगप्पा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सहयोग के तहत, बीएससी कैटरिंग और होटल एडमिनिस्ट्रेशन, डिप्लोमा इन होटल एडमिनिस्ट्रेशन, बीएससी लेटरल एंट्री और एमबीए इन होटल मैनेजमेंट सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 800 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई ।

समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए चेन्नई अमृता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष आर. भूमिनाथन ने स्नातकों को बधाई दी उन्होंने अभिभावकों, संकाय सदस्यों, उद्योग भागीदारों और अलागप्पा विश्वविद्यालय को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्नातक की उपाधि प्राप्त करना सीखने, नेतृत्व और व्यावसायिक उत्कृष्टता की शुरुआत है। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय देश भर में मैनेजमेंट, नर्सिंग और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में करियर-केंद्रित शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है । समारोह में संस्थान की मुख्य परिचालन अधिकारी भानुमति डीन सुरेन, मुख्य शैक्षणिक सलाहकार श्रीपॉल तथा संस्थान के अंतर्गत संचालित विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# त्रिदिवसीय गुणी गौरव गाथा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां बुधवार को साहुकारपेट के स्वाध्याय भवन में त्रिदिवसीय गुणी गौरव गाथा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। गुणीजन के गुणानुवाद के अंतर्गत वरिष्ठ स्वाध्यायी वीरेन्द्र कांकरिया ने गुजरात के नवसारी की रीटा बहन की जीवनी पर आधारित रीटा बहन जैसी होनी चाहिए। मां पर हृदयस्पर्शी रुप में भाव रखते हुए कहा कि रीटा बहन ने स्वयं आगे होकर अपने पुत्र अर्हम को पांच वर्ष व पुत्री अरिहा को छह वर्ष की वय गुरु व गुरुणी के पास ज्ञानार्जन व संयम व्रत अंगीकार करने हेतु समर्पित किया व स्वयं भी पुत्र व पुत्री के संग जैन भागवती दीक्षा लेकर वर्तमान में जिनशासन की प्रभावना कर रही है। तीनों संयमी आत्माओं की जीवनी को सुनकर उपस्थित श्रद्धा से गदगद हो गए।

श्रावक संघ, तमिलनाडु से आर नरेन्द्र कांकरिया ने बताया कि रीटा बहन की जीवनी का उनकी जीवनी की डायरी से महास्थविर शांतिमुनि ने अनुवाद करते हुए पुस्तक का रुप दिया है, उनके गुणानुवाद रुप में त्रिदिवसीय गौरव गाथा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। त्रिदिवसीय गुणी गौरव गाथा कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वाध्यायी गण लीलमचन्द महावीरचन्द ज्ञानचन्द बागमार बाबू धनपतराज अभय सहज सुराणा उच्छबराज गांग, सुरेश कोठारी,रोहित चौधरी पदमचन्द दीपक योगेश श्रीश्रीमाल, इंदरचंद कर्णावट, राजेश लुणावत, रुपराज सेठिया, महावीरचन्द छाजेड़ श्रावक संघ के उपाध्यक्ष गौतमचन्द मुणोत, श्राविका मण्डल तमिलनाडु की अध्यक्ष शशि कांकरिया, तरुणा चौधरी, झीनल छाजेड़, लीलादेवी ओस्तवाल, पुष्पादेवी कोठारी, युवक परिषद् तमिलनाडु के शाखा प्रमुख सन्दीप ओस्तवाल सहित श्रावक संघ तमिलनाडु के पूर्व पदाधिकारी गण की सामायिक परिवेश में प्रमोदजन्य उपस्थिति रही। सन्दीप ओस्तवाल ने त्रिसूत्र जीवन चिन्तन, कमल चोरडिया ने मनोरथ चिन्तन, महावीर बागमार ने प्रत्याख्यान, गौतमचन्द मुणोत ने गुरु सुखसाता पृच्छा पाठ व आर नरेन्द्र कांकरिया ने मंगल पाठ किया। तीर्थंकरों आचार्यों उपाध्यायों संयमी आत्माओं की जयजय कार संग त्रिदिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



# लायंस चिन्मया मेडिकल सेंटर के नवीनीकृत एवं नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** लायंस क्लब ऑफ मीनमबाक्कम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले 35 वर्षों से संचालित लायंस चिन्मया मेडिकल सेंटर के नवीनीकृत अस्पताल एवं नवनिर्मित अस्पताल भवन का उद्घाटन विरुगम्बाक्कम स्थित परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस सदस्यों, चिकित्सकों, दानदाताओं एवं समाजसेवियों की उपस्थिति थी। नवीनीकृत पुराने भवन का उद्घाटन सुचित्रा बालाजी एवं बीएन गुप्ता ने किया, जबकि नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सुचित्रा बालाजी एवं उमेदसिंह बोकरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि विस्तारित एवं आधुनिक सुविधाओं से मेडिकल सेंटर में आने वाले मरीजों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसर पर चिन्मया मिशन, लालिथाम्बिगई मेडिकल कॉलेज, मीनाक्षी डेंटल कॉलेज तथा बिलरोथ हॉस्पिटल के सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया।

समारोह में मैनेजिंग ट्रस्टी ए. बालाजी, सचिव अशोक एसएल, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, वीएन हरिनाथ, प्रोजेक्ट फंड रेजिंग चेयरमैन किशोर पी. जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि मानव सेवा ही सर्वोच्च सेवा है।

# जन्म से भी अधिक महत्वपूर्ण है संयम ग्रहण करना : डॉ. पदमचंद्रमुनि

**बेंगलूरु।** श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ, बेंगलूरु शाखा के तत्वावधान में पुष्कर आराधना केंद्र में आयोजित आचार्यश्री पार्श्वचंद्रजी का 66 वां एवं डॉ. पदमचंद्रमुनिजी का 39वां दीक्षा दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर डॉ. पदमचंद्रमुनिजी ने कहा कि माँ की कुक्षि से जन्म लेने वाला जन्म-मरण के दुखों को मिटाएगा या नहीं यह आवश्यक नहीं है। किन्तु गुरु मुख से संयम स्वीकार कर सम्यक ज्ञान, दर्शन, चारित्र की आराधना करने वालों को संसार की भव यात्रा से विराम मिल जाता है। आचार्य पार्श्वचंद्र ने अपनी सुदीर्घ संयम पर्याय में अनेकों विशिष्ट साधनाएँ सिद्ध की। वे वचन सिद्ध साधक हैं, कम बोलते हैं परन्तु सटीक कहते हैं। ङ्गजयधुरंधरमुनिजी ने कहा कि खेलने कूदने मौज करने की उम्र में आचार्य पार्श्वचंद्रजी ने संयम स्वीकार कर संसार से अनासक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया। आध्यात्मिक, वैज्ञानिक अथवा व्यावहारिक हर क्षेत्र का उन्हें ज्ञान हैं। उनकी जिह्वा पर मनो सरस्वती का वास है। जयकलशमुनिजी एवं जयसुबोधमुनिजी ने गीत द्वारा वातावरण को श्रद्धामय बना दिया। जयपुरंदरमुनिजी मनुष्य भव, जिनवाणी श्रवण, वीतराग वचनों पर श्रद्धा और संयम में पराक्रम को अत्यंत दुर्लभ बताते हुए कहा कि गुरु पारस के सानिध्य में साधक का जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि पारसमणि तो संपर्क में आने वाले को सोना कर देता है लेकिन गुरु तो शिष्य को अपने समान बना देते हैं। जयसंयतमुनिजी, समणी प्रमुखा श्रीनिधिजी, समणीनिदेशिका श्रुतनिधिजी, समणी निदेशिका डॉ. सुयशनिधिजी, सुगमनिधिजी, सुधननिधिजी, सुयोगनिधिजी की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुमुक्षु अभिषेक चोपड़ा के परिवारजनों ने दीक्षा आज्ञा पत्र आचार्य पार्श्वचंद्रजी को समर्पित किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.